# ब्रह्माकुमारी संस्थान ने भारत की प्रतिष्ठा को दुनियाभर में पुन: प्रतिस्थापित करने का काम किया है: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**- स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन ये मार्ग स्वच्छता के स्थायी संस्कार विकसित कर रहा**
**- पीएम ने संस्थान के कार्यों की सराहना की, बोले- स्व परिवर्तन से ही होगा विश्व परिवर्तन**
**- स्वच्छ भारत अभियान का दूसरा चरण**
**- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से देशभर के 15 स्थानों पर की बात**
**- ब्रह्माकुमारी संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी है ब्रांड एंबेसेडर**
**- 2 अक्टूबर तक ब्रह्माकुमारीज चलाएगा विशेष स्वच्छता अभियान**
**- एक साथ तलहटी के चार स्थानों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान**

**15 सितंबर, आबूरोड।**
स्वच्छ भारत अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इसमें देशभर के अलग-अलग राज्यों में उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात ही। शुरुआत में प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसेडर राजयोगिनी दादी जानकी को प्रणाम करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।
अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का यह सपना मेरे सभी देशवासियों और युवा साथियों के सहयोग से संभव हो पा रहा है। मैं ब्रह्माकुमारी संस्थान का स्वच्छता अभियान से जुडऩे के लिए आभार व्यक्त करता हूं। संस्थान ने भारत की प्रतिष्ठा को दुनियाभर में पुन: प्रतिस्थापित करने का काम किया है। आज ये कार्य हर एक के पुरुषार्थ से संभव हो पा रहा है। आपने अगले 15 दिन में 50 से अधिक स्थानों को स्वच्छ करने को जो लक्ष्य रखा है वह बहुत ही काबिले तारीफ है।
पीएम मोदी ने कहा कि मुझे संस्थान के 80वें वार्षिक उत्सव में आप सभी के समक्ष आने का मौका मिला। इसमें मैंने ऊर्जा संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, कुपोषण ऐसे अनेक प्रयासों के साथ आपसे जुडऩे का आह्नान किया था। मुझे खुशी है कि संस्थान ने न केवल इसे याद रखा बल्कि अपनी 10 सूत्रीय कार्ययोजना बनाकर देशभर में काम भी शुरू कर दिया।
समाज से जुड़ी समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा संस्थान: मोदी
पीएम मोदी ने कहा कि आप हमेशा से समाज से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अपनी भूमिका निभाते रहे हैं। स्वच्छता के प्रति जन-जागरण में भी ब्रह्माकुमारी संस्थान हमेशा से आगे रहा है। संस्थान ही नहीं आदरणीया दादी जानकीजी खुद भी ब्रांड एंबेसेडर के रूप में इस अभियान को गति देने में निरंतर अपनी भूमिका निभा रही हैं। स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन का जो आपका मार्ग है वह देश में स्वच्छता के स्थायी संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय भाई ने पीएम नरेन्द्र मोदी को स्वच्छ भारत अभियान की बधाई देते हुए इसे एक ऐतिहासिक पहल बताया। साथ ही सभी बीके भाई-बहनें ने पीएम को अभिवादन किया।

एक साथ चार स्थानों पर चलाया स्वच्छता अभियान

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम नरेन्द्र मोदी के संबोधन के बाद सभी भाई-बहनें एक साथ रैली के रूप में नारे लगाते हुए तलहटी चौराहा पहुंचे। जहां क्षेत्र के चार स्थानों पर एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। सबसे पहले जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल, जिला प्रमुख पायल परमरामपुरिया, एसडीएम निशांत जैन, यूआईटी चेयरमैन सुरेश कोठारी, नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश सिंदल, सोशल एक्टीविटी गुरप के अध्यक्ष बीके भरत ने हाथों में झाड़ू थामकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की।

ब्रह्माकुमारी बहनों ने भी थामी झाड़ू

इसके बाद ब्रह्माकुमारी भाई- बहनों ने तलहटी रोड पर सड़क के दोनों ओर झाड़ू लगाई। साथ ही कचरा एकत्रित कर ट्रॉली में डालकर ट्रेचिंग ग्राउंड भेजा गया। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं के गुरप ने तलहटी चौहारे के पास साफ-सफाई की। इस दौरान बच्चों को उत्साह देखते ही बन रहा है। स्वच्छता के नारे लगाते हुए बच्चों ने दूसरों को भी सफाई का संदेश दिया।

एक साथ ली स्वच्छता की शपथ...

पीएम के संबोधन के बाद शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक साथ हजारों लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके गीता बहन ने सभी को शपथ दिलाई कि आज से स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से करेंगे। खुद सदा स्वच्छ रहेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। घर के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर कभी भी खुले में कचरा नहीं डालेंगे। स्वच्छता ही सेवा है इस लक्ष्य के साथ सभी कर्म करेंगे। दूसरों को भी गंदगी फैलाने से रोकेंगे।

2 अक्टूबर तक 50 स्थानों पर चलाएंगे सफाई अभियान

15 सितंबर से शुरू हुआ यह सफाई अभियान 2 अक्टूबर तक रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में चलाया जाएगा। इन 15 दिनों में संस्थान ने 50 स्थानों को स्वच्छ करने का बीड़ा उठाया है। इसके तहत नालियों की सफाई से लेकर सड़क किनारे पड़े कचरे को उठाया जाएगा। साथ ही जेसीबी मशीन की मदद से बड़े-बड़े नालों की सफाई की जाएगी।

ये रहे उपस्थित...

इस मौके पर संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी, संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, मीडिया निदेशक बीके करुणा, ग्लोबल हॉस्पिटल के निदेशक बीके डॉ. प्रताप मिड्ढा सहित बड़ी संख्या में बीके भाई-बहन उपस्थित रहे।

-----------

लोगों में जागृति ला रहा स्वच्छता अभियान

प्रधानमंत्री के इस अभियान से बच्चों से लेकर बड़े सभी जुड़ रहे हैं। इससे लोगों में स्वच्छता के प्रति एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। यह नए भारत की संकल्पना और विकास

में महत्वपूर्ण कड़ी है। यह अभियान लोगों में नई जागृति ला रहा है। भारत को स्वच्छ करने को जो बीड़ा पीएम ने उठाया है यह जरूर सफल होगा।
पायल परमरामपुरिया, जिला प्रमुख
-----------
गर्व की बात है
गर्व की बात है कि स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसेडर ब्रह्माकुमारी संस्थान की मुखिया दादी जानकी जी हैं। संस्थान स्वच्छता के क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। नपा का भी पूरा प्रयास है कि आबू रोड पूरी तरह से साफ-स्वच्छ और सुंदर शहर हो। इसके लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं।
सुरेश सिंदल, अध्यक्ष, नगरपालिका, आबू रोड
------------
जब हमारा मन स्वच्छ होता है तो हम जो भी कर्म करते हैं उसमें सच्चाई, सफाई और स्वच्छता शामिल होती है। संस्थान की पहचान स्वच्छता को लेकर शुरू से ही। सरकार में भारत को स्वच्छ बनाने का जो बीड़ा उठाया है उसमेें ब्रह्माकुमारी संस्थान पूरी तरह से साथ है। अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागृति लाने में पूरा प्रयास कर रहे हैं।
बीके भरत, अध्यक्ष, सोशल एक्टीविटी गुरप, शांतिवन, ब्रह्माकुमारी

फोटो- 15 एबीआर 01- जिला प्रमुख व प्रशासनिक अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुुरुआत की।
फोटो- 15 एबीआर 02- बीके भाई-बहनों ने माउंट आबू रोड पर सड़क के दोनों ओर सफाई अभियान चलाया।
फोटो- 15 एबीआर 03- शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में स्वच्छता की शपथ लेते कार्यक्रम में उपस्थित लोग।
फोटो- 15 एबीआर 04- जिला प्रमुख व कलेक्टर स्वच्छता की शपथ लेते।
फोटो- 15 एबीआर 05- मंच पर उपस्थित राजयोगिनी दादी जानकी जी, राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी जी व बीके मृत्युंजय भाई।
फोटो- 15 एबीआर 06- सफाई करते बीके भाई-बहनें।
फोटो- 15 एबीआर 07- रैली से दिया स्वच्छता का संदेश